समाचार

उत्कृष्ट कार्य हेतु निगम की स्वच्छता दीदियों, कर्मचारियों को पुरस्कृत किया उद्योग मंत्री ने

कोरबा 26 दिसम्बर 2024 – उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली नगर पालिक निगम कोरबा की स्वच्छता दीदियों, कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृतिचिन्ह प्रदान कर उन्हें पुरस्कृत किया। उन्होने स्वच्छता दीदियों, कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में भी इसी उत्साह, निष्ठा व कर्मठा के साथ कार्य करने हेतु उनका उत्साहवर्धन किया।

छत्तीसगढ़ सरकार के गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 09 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों, कार्यो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों को उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने पुरस्कृत किया। सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित अटल परिसर शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान इन कर्मचारियों व स्वच्छता दीदियों को पुरस्कृत किया गया, इस मौके पर निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, पूर्व सभापति अशोक चावलानी सहित निगम के पार्षद, जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

इन्हें किया गया पुरस्कृत – स्वच्छता व साफ–सफाई कार्यो में स्वच्छता कर्मी एस.पी.कोन्डैया, विकास डेनियल व कमलेश को पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार 3 आर. एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्यो हेतु स्वच्छता दीदी बिहानी किन्डो, दिलेश्वरी यादव, सुमन महंत, शांति ठाकुर, नीता विश्वकर्मा, श्रुति जोगी पुरस्कृत हुई। रंगोली प्रतियोगिता एवं अन्य गतिविधियों में स्वच्छता दीदी मीना महंत, संतोषी कुर्रे, रजनी देवी, सावित्री खुंटे, पालिका बरेठ, श्वेता यादव को पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण में बेहतर कार्य के लिए सरिता प्रजापति, सविता बरेठ, संतोषी यादव, संतोषी पटेल व चन्द्रकला नेताम को पुरस्कार प्रदान किया गया। निगम के नियमित कार्यो की कड़ी में राजस्व वसूली व यूजर चार्ज वसूली हेतु राजस्व उपनिरीक्षक रथराम राठौर, मनहरण लाल नेताम व सहायक राजस्व निरीक्षक परमानंद राठौर को पुरस्कृत किया गया।